राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

टीकाकरण उत्सव के अन्तर्गत राजभवन में लगी कोरोना वैक्सीन

जयपुर, 12 अप्रेल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर प्रारंभ टीका उत्सव के तहत सोमवार को राजभवन में राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कोरोना का टीकाकरण हुआ।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आह्वान किया कि स्वस्थ एवं कोविड मुक्त भारत के लिए कोरोना टीकाकरण के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल की पूरी तरह से पालना करें। उन्होंने बढ़ते हुए संक्रमण को रोकने के लिए सावधानी एवं सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग टीकाकरण के बाद भी मास्क पहनें, दो गज की दूरी बनाए रखें तथा बार–बार हाथ धोएं।

———